समाचार

महापौर ने जीवनरक्षक उपकरणों के लिए महापौरनिधि से दिए 10 लाख रूपये

कोरबा 30 अप्रैल 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कोविड हास्पिटलों में आवश्यक जीवनरक्षक उपकरणों को मुहैया कराए जाने के लिए महापौरनिधि से 10 लाख रूपये प्रदान किए हैं, इसके साथ ही उन्होने निगम के पार्षदगणों से भी अनुरोध किया है कि वे भी अपनी पार्षदनिधि से राशि देकर कोविड–19 के संक्रमण से सुरक्षा व नियंत्रण की दिशा में अपनी सहभागिता प्रदान करें।

यहां उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कोविड हास्पिटलों में आक्सीजनयुक्त बेडो की संख्या बढ़ाने, वेंटिलेटर या उसके वैकल्पिक जीवनरक्षक उपकरण के साथ–साथ बेहतर मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद को भी निगम के माध्यम से यथासंभव सहयोग करने का निर्देश दिया है। महापौर श्री प्रसाद ने कोविड हास्पिटलों में जीवनरक्षक उपकरणों की उपलब्धता व आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने हेतु अपनी महापौरनिधि से 10 लाख रूपये प्रदान किए हैं, यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अभी दो दिन पूर्व ही राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के निर्देश एवं महापौर श्री प्रसाद की पहल पर निगम ने वेंटिलेटर के विकल्प के रूप में उपयोग की जाने वाली 10 नग आक्सीपेप मशीनें एवं 10 नग पेशेंट सर्किट कम्पोनेट के साथ–साथ 03 नग आक्सीजन एनलाईजर सिस्टम स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं, जिन्हें आवश्यकतानुसार कोविड हास्पिटलों में गंभीर मरीजों के इलाज के दौरान उपयोग में लाया जा सकेगा।

पार्षदगणों से सहयोग की अपील– महापौर श्री प्रसाद ने निगम के पार्षदगणों से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना के खिलाफ लड़ी जा रही इस बड़ी लड़ाई में हम अपनी–अपनी सहभागिता अनिवार्य रूप से दें तथा यथासंभव पूरा सहयोग करें। उन्होने अपील की है कि कोविड–19 से सुरक्षा, नियंत्रण व आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने हेतु निगम के सभी पार्षदगण अपनी पार्षदनिधि से राशि प्रदान कर अपना सहयोग दें।